# निविदा सूचना

बागवानी एवं सफाई कार्य हेतु इच्छुक ठेकेदार/एजेंसियों से मुहर बन्द लिफाफे में निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 31.01.2019 के अपराह्न 2.30 बजे तक इलाहाबाद संग्रहालय प्रयागराज द्वारा निविदाएं अमंत्रित की जाती है। निविदा प्रारूप एवं प्रपत्र संग्रहालय के विक्रय पटल से दिनांक 10.01.2019 से 30.01.2019 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.30 बजे तक रू0 1,000 के मूल्य पर प्राप्त किया जा सकता है। अथवा संग्रहालय के बेबसाइट से डाउनलोड भी किया जा सकता है, परन्तु इस स्थिति में निविदा दाता को निविदा प्रपत्र के साथ रू0 1,000 का ड्राफ्ट् संलग्न करना होगा।

निविदा प्रपत्र के साथ रू0 30,000 की धरोहर राशि निदेशक इलाहाबाद संग्रहालय के पक्ष में किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत रेखांकित ड्राफ्ट संलग्न करना आवश्यक है। प्रपत्र के साथ निविदा दाता को निविदा प्रपत्र में उल्लिखित समस्त प्रपत्र जैसे आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, सालवेन्सी सर्टिफिकेट, आई0टी0आर0 रिटर्न, जी0एस0टी0 आइयन रिटर्न, पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति भी संलग्न करना आवश्यक है। पूर्ण रूप से भरा हुआ निविदा पत्र हर स्थिति में सहायक प्रशासनिक अधिकारी, इलाहाबाद संग्रहालय, प्रयागराज के पास दिनांक 31.01.2019, अपराह्न 2.30 बजे तक पहुँच जाना चाहिए। विलम्ब से प्राप्त या अपूर्ण निविदाओं पर कोई विचार नही किया जाएगा तथा भविष्य में इस पर कोई पत्राचार सम्भव नही होगा।

निदेशक<br>
इलाहाबाद संग्रहालय, प्रयागराज

निविदा मूल्य रू0 1000/–
कार्यालय प्रयोग के लिए
रसीद सं0....................दिनांकः.............................

# इलाहाबाद संग्रहालय, प्रयागराज

इलाहाबाद संग्रहालय में बागवानी व सफाई कार्य के लिए निविदा फार्म

1– ठेकेदार/फार्म का नाम व पता : ...............................................................
(दूरभाष सहित). ...............................................................
...............................................................
...............................................................

2– कार्य का अनुभवः–
(अ) सरकारी/गैर सरकारी क्षेत्र का नाम ...............................................................
व पता जहाँ कार्य किया है। : ...............................................................
...............................................................
(ब) कार्य की अवधि ...............................................................
(स) सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र : ...............................................................

3– सर्विस रजिस्ट्रेशन पैन सं0/जी.एस.जी. आइयनः ...............................................................
...............................................................

4– संलग्न निविदा हेतु बैंक ड्राफ्ट की : ...............................................................
धनराशि ड्राफ्ट सं0 एवं बैंक का नाम : ...............................................................

5– प्रस्तावित श्रमिकों की संख्या : (अ) सफाई कार्य हेतु 04 (ब) बागवानी कार्य हेतु 04

6– केन्द्रीय श्रम आयोग द्वारा निर्धारित प्रति श्रमिक दर के परिपेक्ष्य में संलग्न प्रोफार्मा Annexure-A में अंकित की गई कुल धनराशिः–

(अ) प्रति श्रमिक/प्रतिमाह ....................................... (ब) प्रति श्रमिक/प्रतिमाह ...............................

क्या कभी किसी सक्षम न्यायालय द्वारा आपको दण्डित किया है ? ..........................................

8– क्या किसी सक्षम न्यायालय में आपके विरुद्ध आपराधिक मामला लम्बित है? ...............................

9– एनुअल टर्नओवर सर्टिफिकेट, सालवेन्सी सर्टिफिकेट, आई0टी0आर0, जी0एस0टी0 आइयन तथा पहचान एवं निवास प्रमाण पत्र आदि :.................................................................................................

.........................................................................................................................................

...............

मैं घोषणा करता हूँ कि उपर्युक्त लिखित समस्त सूचनाएं सही एवं पूर्ण हैं तथा कोई भी तथ्य छिपाया नहीं गया है।

दिनांकः............................ निविदादाता का हस्ताक्षर

**इलाहाबाद संग्रहालय में साफ–सफाई व बागवानी कार्य संविदा पर कराए जाने के सम्बन्ध में कार्य का विवरण तथा नियम एवं शर्तेः–**

अ– **सफाई का कार्यः–**

1. संग्रहालय परिसर पाँच एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में व्यवस्थित है। परिसर में स्थित मुख्य भवन में दो तल है। दोनों तल पर कुल 16 वीथिकाएं हैं।

2. संग्रहालय परिसर के मुख्य भवन में अध्यक्ष एवं निदेशक का कक्ष, कार्यालय संग्रहपाल कक्ष पुस्तकालय, व्यास सभागार, बैठक कक्ष, पाँच सुरक्षित संग्रह कक्ष, छायानुभाग, रासायनिक प्रयोगशाला अनुभाग, अनूकृति प्रयोगशाला अनुभाग, क्लास रूम, दो आंगन, छः कम्प्यूटर कक्ष, मुख्य केन्द्रीय हॉल, स्टोर बढ़ई अनुभाग आदि स्थित है।

3. संग्रहालय परिसर में निदेशक आवास, गेस्ट हाऊस (दो तल) केन्द्रीय भण्डार आदि स्थित है।

4. संग्रहालय के समस्त परिसर, प्रसाधन एवं संग्रहालय के मुख्यद्वार के सामने की सड़क आदि की सफाई कार्य सम्पन्न किया जाना है।

5. संग्रहालय के मुख्य भवन में चार प्रसाधन व परिसर में तीन प्रसाधन स्थित है।

6. मुख्य भवन के बाहर परिसर में सुरक्षित मूर्तिकला कक्ष की सफाई भी की जाएगी।

7. ओवर हेड टैंक की सफाई तीन में माह एक बार सम्पन्न करानी है। परिसर के अन्दर सडक, विकसित समस्त भूतल की साफ–सफाई प्रस्तावित है।

8 सफाई कार्य एवं बागवानी कार्य के श्रमिकों का कार्यकाल प्रातः 8:00 बजे से सायं 6:00 बजे के बीच सम्पन्न कराया जाना आवश्यक है।

9. संग्रहालय बन्द रहने पर संग्रहालय के मुख्य भवन के बाहर परिसर की सफाई नियमित रूप से की जाएगी। अवकाश के दिनों में विशेष सफाई अभियान के अन्तर्गत समय–समय पर सफाई कराना होगा।

10. प्रति 15 दिन के अन्तराल में संग्रहालय के मुख्य भवन के प्रथम तल व द्वितीय तल पर स्थित वीथिकाओं एवं संम्बद्ध अनुभाग के फर्श की घिसाई नियमित रूप से स्क्रविंग मशीन से होनी है। स्क्रबिंग मशीन संग्रहालय प्रदान करेगा।

11. समस्त कार्य निदेशक अथवा उनके द्वारा मनोनीत अधिकारी/प्रभारी के निर्देशानुसार करना होगा।

(ब)– **बागवानी कार्यः–**

1. संग्रहालय परिसर में 2 एकड़ में केन्द्रीय लॉन व 4 छोटे लॉन, निदेशक आवास में स्थित लॉन आदि है जिसका सुन्दर ढंग से रख–रखाव करना होगा।

2. लगभग 600–1000 गमलों का रख–रखाव करना होगा। जिसमें समय–समय पर खाद भी बदलवानी होगी तथा गमले की रंगाई–पोताई भी करानी होगी।

3. समय–समय पर मौसम के अनुसार नए पेड़–पौधों को लगाना होगा।

4. पेड़ों की छटाई, गुड़ाई व घास की कटाई आदि का कार्य भी करना होगा।

5. संग्रहालय में व्यवस्थित समस्त लॉन के क्षेत्र को इस प्रकार विकसित करना होगा कि वह देखने में अति आकर्षक प्रतीत हो।

6. समस्त कार्य निदेशक अथवा उनके द्वारा मनोनीत प्रभारी/अधिकारी के निर्देशानुसार ही सम्पन्न करना होगा।

नियम एवं शर्तें:–

1. आवेदन–पत्र के साथ रू0 30,000.00 की धरोहर राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा करना होगा।
2. बैंक ड्राफ्ट निदेशक, इलाहाबाद संग्रहालय के पक्ष में देय होगा।
3. इच्छुक ठेकेदारों के पास कम से कम तीन वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है। इस आशय का पर्याप्त साक्ष्य निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है।
4. सरकारी कार्यालयों एवं स्वायत्तशासी संस्थाओं आदि में कार्यरत निविदादाताओं को प्राथमिकता दी जाएगी।
5. आवेदन–पत्र में पंजीकृत ठेकेदारों की पंजीयन संख्या, पैन टिन संख्या, सेवा पंजीकरण संख्या, ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0, जी0एस0टी आदि का उल्लेख आवश्यक है।
6. यदि आवेदन–पत्र में उल्लिखित तथ्य गलत पाये जाते हैं तो आवेदन स्वतः ही निरस्त समझा जाएगा।
7. कार्य के आवंटन हेतु सम्बन्धित ठेकेदार का अनुभव, क्रेडिबिलिटी आदि का संज्ञान लिया जायेगा।
8. निर्धारित तिथि एवं समय के बाद किसी भी दशा में आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं आवेदन पत्र प्राप्त होने के बाद उसमें किसी भी प्रकार के संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी।
9. प्राप्त निविदाएं 30.01.2019 को सायं 4.00 बजे संग्रहालय में निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी।
10. कार्य के आवंटन से पूर्व संग्रहालय प्रथम पार्टी एवं फर्म/ठेकेदार द्वितीय पार्टी के बीच अनुबंध किया जाएगा।
11. संग्रहालय द्वारा अधिकृत अधिकारी सफाई व बागवानी कार्य का प्रतिदिन निरीक्षण किया जाएगा।
12. संग्रहालय में कार्य पर लगाए गए कर्मियों का नाम, पता पुलिस सत्यापन प्रमाण–पत्र कार्यालय में जमा करना होगा।
13. संग्रहालय में लगाए गये कर्मियों के पास परिचय–पत्र होना आवश्यक है।
14. ठेकेदार द्वारा संग्रहालय में लगाए गये कर्मियों के चरित्र एवं अनुशासन आदि का उत्तरदायित्व ठेकेदार का होगा।
15. यदि किसी फर्मों का व्यवहार व कार्य संतोषजनक नहीं है तो इलाहाबाद संग्रहालय से उसे तुरन्त हटाना आवश्यक होगा।
16. यदि किसी कर्मी के द्वारा संग्रहालय की सम्पत्ति को नुकसान पहुँचता है तो उसका उत्तरदायित्व ठेकेदार का होगा।
17. संविदा पर अनुबन्ध सामान्यतः एक वर्ष के लिए होगा परन्तु कार्य से सन्तुष्ट न होने पर अथवा अपरिहार्य परिस्थितियों में उसे पहले भी समाप्त किया जा सकता है।
18. देय धनराशि का भुगतान बिल प्रतिमाह प्राप्त होने पर सम्बद्ध पर्यवेक्षक के इस आशय का प्रमाण पत्र की मास के दौरान श्रमिकों द्वारा किया गया कार्य संतोषजनक है के उपरान्त ही चेक के माध्यम से ठेकेदार को दिया जाएगा। नियमानुसार इस पर आयकर कटौती भी सुनिश्चित की जायेगी।

19. जिनकी निविदा स्वीकृत होगी उसे निविदा धनराशि की कुल 5 प्रतिशत धनराशि परफार्मेस सिक्योरिटी के रूप में तुरन्त जमा करना आवश्यक होगा। तीस हजार की इस धरोहर धनराशि के साथ अपने बिलो पर नियमानुसार इनकम टैक्स भी देना होगा।

20. उपरोक्त कार्य कराने के लिए सफाई एवं बागवानी हेतु आवश्यक समस्त सामग्री जैसे–धुलाई पाउडर, क्लीनर खाद, पौधे एवं अन्य आवश्यक उपकरण, फावड़ा, खुर्पी , सिंचाई पाइप, झाडू, वाइपर, ब्रश आदि की व्यवस्था संग्रहालय स्वयं करायेगा।

21. कार्य पर लगाए गये कर्मियों को केन्द्रीय श्रमायोग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी श्रमिकों के खाते के माध्यम भुगतान करना आवश्यक होगा। ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0, जी0एस0टी0 इत्यादि भी नियमानुसार जमा करना होगा और प्रतिमाह बिल के साथ ही इनकी रसीद भी सूचनार्थ संलग्न करनी होगी अन्यथा विगत माह का भुगतान रोकते हुए नियमानुसार कार्यवाई की जायेगी।

22. ठेकेदार / फर्म एवं इलाहाबाद संग्रहालय के बीच कोई विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में न्यायाधिकार क्षेत्र इलाहाबाद होगा।

23. भरे हुए आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 31.01.2019 सायं 2.30 बजे तक है।

24. निविदा जमा करने के पूर्व इच्छुक ठेकेदार संग्रहालय के किसी भी कार्यदिवस में 11.00 बजे से 4.00 बजे के मध्य सफाई पर्यवेक्षक से सम्पर्क कर समस्त कार्य स्थलों का निरीक्षण कर सकते हैं।

निदेशक

| इलाहाबाद संग्रहालय, प्रयागराज | | |
|---|---|---|
| माली एवं सफाई कर्मी की दर हेतु प्रारूप | | |
| 1 | फर्म का नाम एवं पता | |
| 2 | ड्राफ्ट संख्या एवं तिथी | |
| 3 | व्यक्तियों की संख्या | |
| 3(अ) | सफाई वाला | |
| 3(ब) | माली | |
| 4. | केन्द्रीय समिति आयोग द्वारा श्रमिको हेतु निर्धारित मजदूरी | |
| 4(अ) | सफाई वाला | |
| 4 (ब) | माली | |
| 5. | दिनों की संख्या | |
| 6. | कुल {3(अ) × 4(अ) × 5 + 3(ब) × 4(ब) × (5)} | |
| 7. | क्रम संख्या 6 पर अंकित ई0पी0एफ0 की दर 13.36 % के आधार पर | |
| 8. | क्रम संख्या 6 पर अंकित ई0एस0आई0 की दर 4.75 % के आधार पर | |
| 9. | क्रमसंख्या 6,7,8 पर उल्लिखित धनराशि का योग | |
| 10. | सर्विस जार्च @ | |
| 11. | नेट योग क्रमसंख्या 9 एवं 10 पर उल्लिखीत धनराशि का कुल | |
| 12. | जी0एस0टी0 | |
| 13. | फर्म द्वारा मांगी गयी कुल राशि क्रमसंख्या 11 एवं 12 पर उल्लिखीत धनराशि का कुल | |